भारत सरकार

रसायन और उर्वरक मंत्रालय

उर्वरक विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 386

जिसका उत्तर मंगलवार, 19 नवम्बर, 2019/28 कार्तिक, 1941 (शक) को दिया जाना है।

तालचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड

386. श्री अनुभव मोहंतीः

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की तिथि के अनुसार, तालचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड में संपन्न कार्यों की स्थिति संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उपरोक्त कार्य सरकार द्वारा तय समय-सीमा के अनुरूप प्रगति पर हैं तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है;

(ग) क्या सरकार का गेल, सीआईएल, आरसीएफ तथा एफसीआईएल के बीच संयुक्त उद्यम के माध्यम से विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सड़क अवसंरचना के क्षेत्र में पहल के माध्यम से स्थानीय क्षेत्र को विकसित करने का विचार अथवा योजना है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं तथा पूर्वोक्त अवसंरचना को विकसित करने से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए योजनाओं तथा उठाए जा रहे कदमों संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

रसायन और उर्वरक मंत्री

(डी.वी. सदानंद गौड़ा)

(क) और (ख): एफसीआईएल की तलचर इकाई का पुनरुद्धार नामांकित पीएसयू नामतः आरसीएफ, गेल, सीआईएल और एफसीआईएल की संयुक्त उद्यम कंपनी मैसर्स तलचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) द्वारा 12.7 लाख मी.टन वार्षिक क्षमता के कोयला गैसीकरण आधारित यूरिया संयंत्र की स्थापना करके किया जा रहा है। कोयला गैसीकरण प्रौद्योगिकी को फरवरी, 2017 में चुना गया था। पारादीप रिफाइनरी से पेट-कोक की आपूर्ति हेतु आईओसीएल के साथ अगस्त, 2017 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया था। कोयला मंत्रालय ने ब्रिज लिंकेज कोयला के लिए ऊर्जा की कीमतों को समान करने का अनुमोदन किया। कैप्टिव कोयला खदान हेतु खदान आवंटन करार पर दिसम्बर, 2018 को हस्ताक्षर किए गए। कैप्टिव कोयला खदान हेतु डीपीआर तैयार करने का कार्य सीएमपीडीआईएल को प्रदान किया गया। परियोजना हेतु पर्यावरण स्वीकृति फरवरी, 2018 को प्राप्त हुई। सीसीईए ने सितम्बर, 2018 में टीएफएल परियोजना में आरसीएफ के साम्या योगदान को अनुमोदित किया। प्रमोटरों से अनुमोदन की प्राप्ति के बाद टीएफएल बोर्ड ने 29 अगस्त, 2019 को परियोजना में निवेश स्वीकृति प्रदान की। कोयला गैसीकरण संयंत्र और अमोनिया यूरिया संयंत्र हेतु एलएसटीके संविदा सितम्बर, 2019 में प्रदान की गई और परियोजना के प्रारम्भ की तिथि 17 सितम्बर, 2019 है। कोयला गैसीकरण पैकेज की आरम्भिक बैठक 22 से 24 अक्तूबर, 2019 तक आयोजित की गई थी। अन्य प्रमुख गतिविधियां जैसे स्थलीय कार्य, निर्माण हेतु जल, निर्माण हेतु विद्युत और प्रशासनिक भवन अतिथि गृह का पुनरुद्धार, सड़कों, नालों का निर्माण, पुलियाओं आदि संबंधी कार्य निष्पादनाधीन हैं। संयंत्र द्वारा वर्ष 2023 तक कार्य करना प्रारम्भ कर देने की संभावना है।

(ग) से (ड.): सरकार वर्तमान में कोयला गैसीकरण आधारित तलचर परियोजना की शीघ्र स्थापना और शुरू करने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है।

****